रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 26] नई दिल्ली, शनिवार, जून 26—जुलाई 2, 2004 (आषाढ़ 5, 1926)
No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 26—JULY 2, 2004 (ASADHA 5, 1926)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 615

भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 649

भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और अविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 3

भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 823

भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम *

भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ *

भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) *

भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश *

भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 547

भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस 4545

भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं *

भाग III--खण्ड-4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 2975

भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 177

भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु की आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक *

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 615

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 649

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . 3

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 823

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 547

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 4545

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 2975

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 177

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi . . . . . *

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2004

सं. 102-प्रेस/2004--राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :--

कांस्टेबल सी स्टेनली, बी एस एफ

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 3 जुलाई, 2002)

3 जुलाई, 2002 को फुलवामा जिला (जम्मू एवं कश्मीर) के चक इच्छागीड़ गांव के एक मकान में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर सीमा सुरक्षा बल की 10वीं बटालियन की एक टुकड़ी ने उस मकान की घेराबंदी की। जब कांस्टेबल स्टेनली, एक अन्य कांस्टेबल के साथ आतंकवादियों के भाग निकलने का रास्ता रोकने के लिए महत्वपूर्ण स्थान पर मोर्चा संभाल रहे थे उस समय मकान के ऊपरी तल से एक आतंकवादी ने उन पर गोलियों की भारी बौछार कर दी। इन दोनों कांस्टेबलों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई शुरू की जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अपना स्थान बदल लिया और भूतल के एक कमरे में चले गए और वहां से गोलीबारी जारी रखी। दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान, कांस्टेबल सी. स्टेनली बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गए। अडिग रहते हुए तथा अपने घाव की परवाह किए बिना, उन्होंने मकान के पीछे से उनके छुपकर भागने के मार्ग को रोके रखा और अपने साथी से मकान के पीछे की गली में प्रभावी गोलीबारी जारी रखने को कहा। इसी समय, कांस्टेबल स्टेनली ने मकान से कूद रहे एक आतंकवादी को देखा। व्यक्तिगत सुरक्षा और गोली के घाव की परवाह किए बिना उन्होंने अपना स्थान बदल लिया और सभी ओर गोलीबारी करते रहे। आतंकवादी को साफ देखने के लिए वे खुले में बाहर आए और आतंकवादी के छुपकर भागने के मार्ग को वास्तविक रूप से रोक दिया। तथापि, इस दौरान आतंकवादियों द्वारा चलाई गई एक गोली उनके पेट में लग गई। जानलेवा घाव के बावजूद, बड़े धैर्य और दृढ़ निश्चय के साथ कांस्टेबल स्टेनली ने आतंकवादी पर गोलियों की बौछार कर दी और उसको मौके पर ही मार गिराया। इसके बाद कांस्टेबल स्टेनली गिर पड़े और जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

कांस्टेबल सी स्टेनली ने आतंकवादियों के समक्ष निर्भीक पहलशक्ति, असाधारण साहस, अत्यकृष्ट बहादुरी का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

आईसी-51821 मेजर अजय कोठियाल, शौर्य चक्र
4 गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 मई, 2003)

आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में मिगरानी टुकड़ी द्वारा सूचना मिलने पर मेजर अजय कोठियाल ने एक दल के साथ तत्काल एक रणनीतिक योजना तैयार की और दूसरे मार्ग से एक प्रहारक दल का नेतृत्व करते हुए उस क्षेत्र का घेराव किया जिस क्षेत्र में आतंकवादी घुसे थे और चुपके से पूरी रात उनकी प्रतीक्षा करते रहे।

13 मई, 2003 को 11.00 बजे जैसे ही आतंकवादी छोकों से निकले इन्होंने उन पर तत्काल आक्रमण कर दिया। चार आतंकवादियों ने घबराकर उनकी ओर अंधाधुंध गोलियां बरसाते हुए भागने का प्रयास किया। मेजर अजय कोठियाल, व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना और अदम्य साहस का परिचय देते हुए उनसे प्रभावकारी ढंग से भिड़ गये तथा उनके बच निकलने का रास्ता काट दिया। उन्होंने अचूक निशाना लगाकर चार आतंकवादियों को मार गिराया। इनके कुशल योजना प्रबंध और ऑपरेशन के सफल निष्पादन से सात आतंकवादियों के पूरे दल का सफाया कर दिया गया।

मेजर अजय कोठियाल, शौर्य चक्र ने आतंकवादियों से लड़ते समय सैन्य सूझबूझ, अदम्य साहस, कुशल योजना प्रबंध और उच्च कोटि की असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

अरुण मित्रा
निदेशक

संख्या 103–प्रेज/2004 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र–बार" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते है:–

आईसी-45120 लेफ्टि.कर्नल कंवर जयदीप सिंह, शौर्य चक्र, सेना मेडल
6 डोगरा (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अगस्त, 2002)

लेफ्टि. कर्नल कंवर जयदीप सिंह, नियंत्रण रेखा पर एक यूनिट की कमान संभाल रहे थे । इस यूनिट के पास विस्तृत और अति कठिन सेक्टर था जो दुश्मन की कार्रवाई तथा आतंकवादी घुसपैठ के लिए संवेदनशील है । उन्होंने अपनी बटालियन को दुश्मन के ऊपर पूर्ण आधिपत्य स्थापित करने तथा उन्हें बड़ी संख्या में हताहत करने के लिए प्रेरित किया और उसका नेतृत्व किया ।

18 अगस्त, 2002 को 1530 बजे लेफ्टि. कर्नल कंवर जयदीप सिंह के टोही गश्त दल का सामना अचानक घुसपैठिए आतंकवादियों से हुआ जिसमें उनका एक सैनिक घायल हो गया। उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तत्काल आतंकवादियों का मुकाबला किया और घायल सैनिक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया । आतंकवादी भाग न जाएं इसके लिए उनका पीछा करने और सफाया करने के लिए उन्होंने गश्त को पुनः व्यवस्थित किया । आतंकवादियों का पीछा करते समय छुपे आतंकवादियों के दूसरे समूह ने गश्त-दल पर गोलीबारी शुरू कर दी । उन्होंने साहसपूर्वक अपने सैनिकों का नेतृत्व किया जिससे आतंकवादी हताहत हुए और भागने के लिए मजबूर हो गए । इस भयंकर गोलीबारी के दौरान उनके गर्दन में गोली लग गई और अपने जवानों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए वे अपने घाव के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

लेफ्टि. कर्नल कंवर जयदीप सिंह, शौर्य चक्र, सेना मेडल ने अपने दल का आगे रहकर नेतृत्व किया और आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान देकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया ।

वरुण मित्रा
निदेशक

संख्या 104–प्रेज/2004 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:–

1. **जीएस-163981 वाई ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी मोहन सिंह**
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 जनवरी, 2003)

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी मोहन सिंह को नागालैंड राज्य के मोन जिले को जोड़ने वाली एक अति महत्वपूर्ण सड़क अबोई-तोहोक की फार्मेशन कटिंग के लिए डिटैचमेंट अबोई में डोज़र ऑपरेटर के रूप में तैनात किया गया था ।

04 जनवरी, 2003 को सुबह 1100 बजे जब फार्मेशन कटिंग का कार्य प्रगति पर था तभी अचानक ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी, मोहन सिंह ने पहाड़ी से गिरता हुआ जमीन का बहुत बड़ा खंड देखा । किंतु वे भागे नहीं और संभावित नुकसान से अपने डोज़र को बचाने के लिए उन्होंने डोज़र को भू-स्खलन से दूर हटाने का प्रयास किया तथा इस प्रक्रिया में भू-स्खलन के साथ आए एक शिला खण्ड से उनकी गर्दन में चोट लग गई । शिला खण्डों के गिरने से लगी चोट के कारण उन्हें उसी दिन मृत घोषित कर दिया गया । ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी, मोहन सिंह के असाधारण साहस और कर्त्तव्यपरायणता के कारण डोज़र बच गया ।

इस प्रकार, ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी मोहन सिंह ने अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करने में असाधारण कर्त्तव्यपरायणता, अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया।

2. **जीएस-160559 डब्ल्यु ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर**
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 10 जनवरी, 2003)

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर को तीन राष्ट्रों अर्थात् भारत, बंगलादेश और म्यांमार सीमा बिंदु पर स्थित लौंगतलाल-डिलटलांग-पावां सड़क की फार्मेशन कटिंग के लिए एक डोज़र पर तैनात किया गया था ।

10 जनवरी, 2003 को वे अपनी मशीन से 161 तथा 162 कि.मी. के बीच फार्मेशन कटिंग का कार्य कर रहे थे । उस दिन कार्य काफी पेचीदा था तथा डोज़र को आगे बढ़ाना खतरे से भरा हुआ था । ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग

मशीनरी सी चंद्र शेखर उस कार्य को निर्भय होकर सूझबूझ, अदम्य साहस और जी तोड़ मेहनत से कर रहे थे । एक स्थान पर डोज़र झुक गया और फिसलने लगा, किंतु ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर ने अपनी मशीन को छोड़ा नहीं बल्कि असाधारण सूझबूझ और कौशल से मशीन को संभाला और उसे पहाड़ी की ओर ले जाने में सफल हो गए । जब मशीन पहाड़ी के नजदीक पहुंची तो अचानक ही भारी भू-स्खलन हो गया जोकि प्रकृति का एक अप्रत्याशित कार्य था। ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर अपनी मशीन के साथ उसी भू-स्खलन में दब गए । केवल उनका सिर दिखाई दे रहा था । किंतु, ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर एक बार भी विचलित नहीं हुए । उन्होंने अपना साहस और धैर्य बनाए रखा । मजदूरों ने उनके आस-पास की मिट्टी हटाई और उन्हें बाहर निकालकर नीचे ले आए । उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं, जिसके कारण बाद में वे वीरगति को प्राप्त हो गए ।

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी सी चंद्र शेखर ने अपने कर्तव्यों का दृढ़तापूर्वक निर्वाह करते हुए असाधारण वीरता, अनुकरणीय समर्पण भावना का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

3. **2488452 सिपाही तरुन कुमार**
16 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 फरवरी, 2003)

18 फरवरी, 2003 को रसद-सामग्री ले जाने के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 1820 बजे जनरल एरिया में दो घात लगाए गए थे । 2100 बजे, एक सैन्य दल ने घात-स्थल में एक ट्रक को प्रवेश करते हुए देखा । ललकारे जाने पर उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी और हथगोले फेंकते हुए भागने का प्रयास किया । यह भांपते हुए कि आतंकवादी उत्तर की ओर घने जंगलों और भूटान में भाग सकते हैं, सिपाही तरुन कुमार ने भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया और एक आतंकवादी को मार गिराया । इसी बीच, अन्य दो आतंकवादियों ने एक कटाव की आड़ से सिपाही तरुन कुमार पर हथगोला फेंका । अपने साथी द्वारा दी गई आड़ में उत्कृष्ट युद्ध कौशल का प्रदर्शन करते हुए ये चट्टानी नाले की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े और काफी नजदीक से एक आतंकवादी को मार गिराया । बाद में, सिपाही तरुन कुमार ने अपने साथी को गोलीबारी की कारगर आड़ दी जिससे उसने तीसरे आतंकवादी को मार डाला । तीनों आतंकवादी मारे गए तथा एक 7.65 मि.मी. बेरेटा पिस्तौल, एक 12 बोर एसबीबीएल, गोलाबारूद और भारी मात्रा में रसद-सामग्री बरामद हुई ।

सिपाही तरुन कुमार ने आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना करने में सूझबूझ और अति उच्च कोटि की विशिष्ट वीरता का प्रदर्शन किया ।

4. **जीएस-173753 के ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी**
कमलेश्वर सिंह

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 फरवरी, 2003)

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह को लेह-चालुंका मार्ग में 39 कि.मी. पर सर्दियों में गिरी बर्फ हटाने के कार्य में लगाया गया था । सर्दियों में भारी हिमपात, तेज हवा और (-)15 डिग्री से (-)35 डिग्री सेंटीग्रेट

तापमान होने के कारण इस क्षेत्र की प्राकृतिक स्थिति प्रतिकूल हो जाती है ।

19-20 फरवरी, 2003 की रात को मौसम का अभूतपूर्व भारी हिमपात हुआ और सम्पूर्ण मार्ग क्षेत्र भारी हिमपात से अवरुद्ध हो गया । हिम-स्खलन के आसन्न खतरे के बावजूद ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह ने पूर्ण कर्तव्य निष्ठा से बुलडोज़र से मार्ग साफ करने के जोखिम भरे कार्य पर लग गए । हिम-स्खलन तथा बर्फ की ढेर के धसने के आसन्न खतरे की परवाह किए बिना ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह बर्फ हटाते रहे । तभी हिम-स्खलन हो गया और ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह अपने डोज़र के साथ उसके नीचे दब गए । काफी कठिनाई से इन्हें बचाया गया । मौत के करीब पहुंच जाने के बावजूद ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह स्वस्थ होते ही अपने कार्य में दृढ़तापूर्वक जुट गए ।

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी कमलेश्वर सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-निश्चय, निष्ठा तथा कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

5. **एसएस-37489 मेजर किशन बहादुर गुरुंग**
2/4 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 फरवरी, 2003)

22 फरवरी, 2003 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों के एक दल की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद मेजर किशन बहादुर गुरुंग ने उस दल को पकड़ने के लिए अपनी कम्पनी कॉलम के साथ तत्काल कार्रवाई की । मेजर गुरुंग द्वारा खड़ी चट्टानों की ओर से संदिग्ध क्षेत्र पर की गई अप्रत्याशित कार्रवाई से आतंकवादियों द्वारा तैनात किया गया पूर्व चेतावनी दल को हतप्रभ कर दिया । इन्होंने तुरंत सम्पूर्ण क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, जिससे आतंकवादी भाग न सकें । इन्होंने पेशेवर परिपक्वता के साथ यह ऑपरेशन चलाया, प्रतिकूल मौसम में भी पूरी रात लड़ाई जारी रखी और गोलीबारी पर कड़ा नियंत्रण बनाकर जवाबी गोलीबारी में अपने सैनिकों को हताहत होने से बचाए रखा। निकास मार्ग से उन्होंने आतंकवादियों के भागने के एक प्रयास को नाकाम कर दिया । अंततः, मेजर किशन बहादुर गुरुंग ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक ठोक में घुसे और बहुत ही नजदीक से चार आतंकवादियों को मार गिराया ।

मेजर किशन बहादुर गुरुंग ने प्रतिकूल मौसम में आतंकवादियों से लड़ने में उच्च स्तर की पहलशक्ति, कुशल नेतृत्व, कमान और नियंत्रण तथा स्वयं ही धावा बोलकर अदम्य साहस का प्रदर्शन किया ।

6. **124384 राइफलमैन जोसफ हेन्ट्री**
12 असम राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 मार्च, 2003)

राइफलमैन जोसफ हेन्ट्री उस दल में शामिल थे, जिसने मणिपुर में कई निगरानी घात लगाए थे । 11 मार्च, 2003 को 1400 बजे, हथियारों से पूरी तरह लैस छह से आठ आतंकवादी घोड़ा घाटी में जाते हुए देखे गए। आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए सैनिक दल दो टुकड़ियों में उस क्षेत्र की ओर भागा ।

1415 बजे, जैसे ही आतंकवादी मारण क्षेत्र में घुसे, सैन्य दल की दोनों टुकड़ियों ने गोलियों की बौछार कर दी । आतंकवादी भौचक्के रह गए और छोटे-छोटे समूहों में बंटकर अलग-अलग दिशाओं में भागे । उस समय, राइफलमैन जोसफ हेन्ट्री ने अग्रणी आतंकवादी को अपने निकट से भागकर जाते हुए देखा । अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए राइफलमैन जोसफ हेन्ट्री आतंकवादी के सामने कूद पड़े और ही उसका रास्ता रोक लिया । दोनों ओर की गोलाबारी में उन्होंने निकट से आतंकवादी को मार गिराया, किंतु स्वचालित हथियारों से की गई गोलियों की बौछार से उनकी गर्दन और सिर में गोली लग गई, जिससे वे वीरगति को प्राप्त हो गए । इसी दौरान, दल के अन्य सदस्यों ने भयंकर गोलीबारी में तीन और आतंकवादियों को मार गिराया । एक एके-56 राइफल, एक मैग्जीन तथा 45 चक्र गोलियां बरामद की गईं ।

इस प्रकार, राइफलमैन जोसफ हेन्ट्री ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा देश के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

7. **जीएस-160272 लांस ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी जी. रामलिंगम**
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 मार्च, 2003)

ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी जी. रामलिंगम को महत्वपूर्ण फुएंटशोलिंग थिम्पू राजमार्ग, जो भूटान की राजधानी व अन्य महत्वपूर्ण जिलों को भारत से जोड़ता है, पर 5.00 से 17.00 कि.मी. के बीच के राजमार्ग को चौड़ा करने के लिए तैनात किया गया था ।

यह सड़क 5.00 कि.मी. से 17.00 कि.मी. के बीच नरम मिट्टी/शिलाओं वाले एक पहाड़ी ढलान के बीच से गुजरती है । इस क्षेत्र में घने कोहरे, अनवरत बारिश और सभी जगह जोंकों की मौजूदगी के कारण इस सड़क की स्थिति प्रायः बदतर हो जाती है । सड़क के आस-पास अस्थिर भौगोलिक स्तर के कारण सड़क चौड़ी करने का कार्य काफी कठिन होता है । डोजर ऑपरेटर जी रामलिंगम के अपार अनुभव और उत्कृष्ट कौशल को देखते हुए उन्हें इस क्षेत्र में सड़क चौड़ी करने के लिए तैनात किया गया था ।

13 मार्च, 2003 को, जब वे सड़क चौड़ी करने के लिए 11.80 कि.मी. पर डोजर चलाते हुए अपने कार्य में व्यस्त थे, तभी पहाड़ के ऊपर से एक बड़ा सा टुकड़ा नीचे गिरने लगा । उन्हें इस भू-स्खलन से सावधान किया गया, अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उन्होंने डोजर को क्षणभर में पीछे हटाया ताकि कीमती डोजर बचाया जा सके । किंतु, भारी पहाड़ी टुकड़ा बहुत ही तेजी से नीचे गिरा और ऑपरेटर सहित डोजर मिट्टी में दब गया । उनके साहसिक प्रयासों से निसंदेह डोजर भारी क्षति से तो बच गया, किंतु वे अपने आपको न बचा सके और भू-स्खलन के नीचे दबकर उन्होंने अंतिम सांस ली ।

इस प्रकार, ऑपरेटर एक्सकैवेटिंग मशीनरी जी. रामलिंगम ने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने में अनुकरणीय साहस, उत्कृष्ट समर्पण, अद्वितीय कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

8. **2485215 लांस नायक गगन सिंह**
19 पंजाब (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 मार्च, 2003)

लांस नायक गगन सिंह उस कम्पनी के रेडियो ऑपरेटर थे जिसने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में तलाशी और सफाया कार्रवाई शुरू की थी ।

14 मार्च, 2003 को लगभग 1350 बजे, सैन्य टुकड़ी ने दो आतंकवादियों को देखा। स्टॉप ने भागते हुए आतंकवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी और एक आतंकवादी को मार गिराया । दूसरे आतंकवादी ने घने जंगल में भागने का प्रयास किया किंतु कम्पनी कमांडर के साथ लांस नायक गगन सिंह ने भाग रहे आतंकवादी का पीछा किया । आतंकवादी ने उनपर भारी गोलीबारी कर दी । अपने कम्पनी कमांडर और अन्य साथियों के खतरे को भांपते हुए लांस नायक गगन सिंह ने कारगर गोलीबारी करके उस आतंकवादी को घेर लिया । किंतु, उनकी बाई टांग में गोली लग गई । घायल हो जाने के बावजूद उन्होंने उस आतंकवादी का पीछा किया और उसे चट्टानों के पीछे छिपा हुआ पाया । वे लगभग 10 मीटर रेंग कर एक उपयुक्त मोर्चे पर पहुंच गए और अदम्य साहस से आतंकवादी को मार गिराया । आमने-सामने की इस गोलीबारी में दूसरी बार उनकी पीठ के निचले हिस्से में गोली लग गई । वे कमान अस्पताल, उधमपुर में अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

लांस नायक गगन सिंह ने आतंकवादियों से लड़ने में उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

9. **आई सी-54484 मेजर रंजन चेंगप्पा,**
आर्टिलरी/40 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अप्रैल, 2003)

02 अप्रैल, 2003 को खोज कार्रवाई के दौरान मेजर रंजन चेंगप्पा जो एक खोजी दस्ते के कमांडर थे, झाड़ियों और गिरे हुए पेड़ की आड़ में छिपे हुए चार आतंकवादियों को देखा । मेजर रंजन चेंगप्पा ने उत्कृष्ट, तीक्ष्ण रणकौशल तथा सूझ-बूझ का परिचय देते हुए एक पेड़ की आड़ लेकर अचूक गोलीबारी की और एक आतंकवादी का तुरंत सफाया कर दिया । आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में इस अफसर पर गोलियों की भारी बौछार कर दी । अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा अदम्य साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और सैनिकोचित सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए यह अफसर आतंकवादी समूह के निकट एक चट्टान तक रेंगकर पहुंचा और दो हथगोले फेंके जिससे दो और आतंकवादियों का सफाया हो गया । इस कार्रवाई में आतंकवादी संगठन के ग्रुप कमांडर सहित सभी चारों दुर्दांत आतंकवादी मारे गए ।

मेजर रंजन चेंगप्पा ने आतंकवादियों से लड़ने में अदम्य साहस, सूझ-बूझ, नेतृत्व तथा व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया ।

10. **3987684 नायक प्रकाश चंद चौहान**
3 डोगरा

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 09 अप्रैल, 2003)

नायक प्रकाश चंद चौहान जम्मू-कश्मीर में रजौरी जिले के जनरल एरिया में खोजी दल में थे । 09 अप्रैल, 2003 को लगभग 0935 बजे, नायक प्रकाश का सामना बड़ी-बड़ी चट्टानों के पीछे छिपे दो आतंकवादियों से हो गया। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी शुरू होते ही इन्हें गोली लग गई । गंभीर रूप से जख्मी हो जाने तथा अत्यधिक रक्त स्राव होने के बावजूद इन्होंने वहां से हटने से इनकार कर दिया और छिपे हुए आतंकवादियों से लगातार लड़ते रहे। अपने साथी द्वारा दी गई गोलीबारी की आड़ में नायक प्रकाश चंद चौहान आतंकवादियों के छिपने के स्थान तक रेंगते हुए पहुंचे और हथगोले फेंके । आतंकवादी गोलीबारी करते रहे । अंत में वे आड़ से बाहर निकले और निजी हथियार से गोलियां बरसाते हुए छिपे हुए आतंकवादियों पर टूट पड़े । दो आतंकवादी मारे गए किंतु दोनों ओर से चली गोलीबारी में इन्हें दो और गोलियां लग गईं । अपना मिशन पूरा करने के बाद ही वे वहां से हटने के लिए तैयार हुए ।

नायक प्रकाश चंद चौहान ने आतंकवादियों का सफाया करने में अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस, वीरता और कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

11. // **13763702 पैराट्रूपर दलीप सिंह**
9 पैरा (स्पेशल फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 अप्रैल, 2003)

जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के जनरल एरिया में की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान पैराट्रूपर दलीप सिंह पैराशूट रेजिमेंट के बटालियन की एक टीम में थे ।

लगभग 1900 बजे पैराट्रूपर दलीप सिंह ने घात स्थान पर अपने मोर्चे से 400 मीटर पूर्व दिशा में तीन आतंकवादियों को जाते हुए देखा । यह भांपते हुए कि आतंकवादी भाग रहे हैं, पैराट्रूपर दलीप सिंह आक्रामक भावना और पहलशक्ति का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी को पकड़ने के लिए अपने साथी के साथ तुरंत चल पड़े । पैराट्रूपर दलीप सिंह ने अपने साथी को रुक कर आड़ देने के लिए कहा और तुरंत साहसिक कार्रवाई तथा जमीन का उत्कृष्ट उपयोग करते हुए आतंकवादियों के दल के निकट पहुंचकर उन्हें रोक लिया और नजदीकी लड़ाई में उस दल के दो आतंकवादियों को मार डाला । अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन करके पैराट्रूपर दलीप सिंह ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भाग रहे एक अन्य आतंकवादी का पीछा किया और उसे भी बहुत ही नजदीक से मार गिराया ।

पैराट्रूपर दलीप सिंह ने असाधारण वीरता, अत्यधिक सूझ-बूझ, पहलशक्ति का प्रदर्शन किया तथा अपनी सुरक्षा की किंचित भी परवाह न करते हुए अकेले ही तीन विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया ।

12. **4193303 सिपाही नरेन्द्र सिंह**
8 कुमाऊं

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 अप्रैल, 2003)

14 अप्रैल, 2003 को सिपाही नरेन्द्र सिंह घात-दल के कमांडर के साथी थे । 0430 बजे, घात-दल स्काउट ने रास्ते में 8-10 व्यक्तियों की गतिविधियां देखी । जब ये लोग काफी निकट आ गए तो दल के सेकंड-इन-कमान ने उन्हें ललकारा । आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और दोनों ओर से हुई भयंकर गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए । इसी बीच, दो आतंकवादियों को भागने का प्रयास करते हुए देखा गया और अपने दल के कमांडर के साथ सिपाही नरेन्द्र सिंह ने अपने ऊपर की जा रही भारी गोलीबारी की परवाह किए बिना तुरंत आतंकवादियों का पीछा किया । दल का कमांडर एक आतंकवादी से भिड़ गया और उसे मार गिराया । सिपाही नरेन्द्र सिंह ने दूसरे आतंकवादी का पीछा किया और बहुत ही निकट पहुंचकर उसे भी मार डाला । इस सफल ऑपरेशन से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार, सिपाही नरेन्द्र सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में आक्रामक युद्ध भावना, पहलशक्ति, उत्कृष्ट तथा निःस्वार्थ वीरता दिखाई ।

13. **2692200 ग्रेनेडियर यशपाल सिंह**
ग्रेनेडियर्स/29 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अप्रैल, 2003)

22 अप्रैल, 2003 को, उत्तरी सेक्टर के एक गांव में घेराबंदी तथा तलाशी कार्रवाई की जा रही थी । घर-घर की तलाशी ली जा रही थी । जब ग्रेनेडियर यशपाल सिंह और उसके साथी एक विशेष घर की तलाशी के लिए आगे बढ़े तभी एक आतंकवादी ने गौ-बाड़ा से निकल बहुत ही निकट से ग्रेनेडियर यशपाल सिंह पर अंधाधुंध गोलियां बरसाते हुए भागने का प्रयास किया । अधिकांश गोलियां बुलेट प्रूफ जैकेट से टकराई किंतु एक गोली जैकेट की प्लेट के ऊपरी किनारे से फिसलती हुई सीने के ऊपरी हिस्से में घुस गई । हालांकि ग्रेनेडियर यशपाल सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, फिर भी उन्होंने लड़खड़ाते हुए उस आतंकादी का पीछा किया और उसे मार डाला । दूसरा आतंकवादी भी गौ-बाड़ा से बाहर निकला और ग्रेनेडियर यशपाल सिंह पर पीछे से गोली चलाकर उन्हें और घायल कर दिया । ग्रेनेडियर यशपाल सिंह विचलित हुए बिना पीछे मुड़े और दूसरे आतंकादी पर टूट पड़े और वीरगति को प्राप्त होने से पहले उसे भी मार डाला ।

ग्रेनेडियर यशपाल सिंह ने आतंकवादियों से लड़ने में उच्चकोटि की वीरता, साहस और सैनिकोचित सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

14. **4475890 लांस नायक हरमेल सिंह**
16 सिख लाइट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 मई, 2003)

4 मई, 2003 को 2000 बजे जनरल एरिया के दक्षिण में मेघालय की ओर जा रहे कुछ आतंकवादियों के बारे में प्राप्त एक विशिष्ट सूचना के आधार पर कम्पनी कमांडर ने आतंकवादियों को घात लगाकर पकड़ने के लिए तत्काल एक योजना बनाई । लांस नायक हरमेल सिंह ने निगरानी दल का नेतृत्व किया ।

2300 बजे चौकन्ने नायक हरमेल सिंह ने दो आतंकवादियों को घात टुकड़ी से लगभग 100 मीटर पूर्व घनी झाड़ियों में जाते हुए देखा । एक पल गंवाए बिना लांस नायक हरमेल सिंह ने पहले से निर्धारित संकेत के माध्यम से इस गतिविधि की सूचना तत्काल दल के कमांडर को दी । वे अपने कम्पनी कमांडर और तीन अन्य सैनिकों के साथ आतंकवादियों का रास्ता रोकने के लिए उनकी ओर बढ़े । ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने घनी झाड़ियों और ऊबड़-खाबड़ भूमि की आड़ लेते हुए तुरंत ही अंधाधुंध गोलीबारी कर दी और हथगोले फेंके । दल के कमांडर ने आतंकवादियों पर अचूक गोलीबारी करने के लिए 51 एम.एम. बोर से प्रकाश करने का आदेश दिया । जैसे ही उस क्षेत्र में रोशनी हुई लांस नायक हरमेल सिंह ने दो आतंकवादियों को पीछे हटते और भागने का प्रयास करते हुए देखा । अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना और दृढ़ साहस का प्रदर्शन करते हुए वे आड़ से बाहर निकले और भारी गोलीबारी की तनिक भी परवाह किए बिना वे आतंकवादियों के निकट पहुंचे और बहुत ही नजदीक से गोलीबारी करते हुए दोनों आतंकवादियों को मार गिराया ।

लांस नायक हरमेल सिंह ने दो दुर्दान्त आतंकवादियों को मारने में उत्कृष्ट सूझ-बूझ, कौशल तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया ।

15. **एसएस-37189 मेजर लक्ष्मण सिंह चौहान**
16 सिख लाइट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 09 मई, 2003)

जनरल एरिया में आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर मेजर लक्ष्मण सिंह चौहान ने गश्ती दल का नेतृत्व किया । 09 मई, 2003 को 0820 बजे अग्रणी स्काउट ने चार-पांच आतंकवादियों के एक दल को जाते देखा । ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने सैन्य टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा हथगोले फेंके । 50 मिनट तक जारी भारी गोलीबारी तथा संघर्ष के दौरान मेजर लक्ष्मण सिंह चौहान ने असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए बिल्कुल नजदीक की गोलीबारी में तीन आतंकवादियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । एक आतंकवादी घावों के कारण मर गया । दूसरे आतंकवादी को उनके साथी ने मार गिराया ।

एक अन्य ऑपरेशन में सक्रिय तथा साहसिक नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए मेजर लक्ष्मण सिंह चौहान ने दो आतंकवादियों को मार गिराया जो सड़क पर बने लकड़ी के पुल पर आई ई डी बिछा रहे थे । उनके इस कार्य से सुरक्षा बल कार्मिकों को जान माल की भारी क्षति से बचाया जा सका जो संभवतः बाद में आई ई डी के फटने से हो सकती थी ।

मेजर लक्ष्मण सिंह चौहान ने साहसिक पहलशक्ति, असाधारण साहस का प्रदर्शन किया तथा अपने उत्तरदायित्व के क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों का कारगर ढंग से दमन किया ।

16. **आईसी-60520 कैप्टन क्रिशन यादव, सेना मेडल**
सेना सेवा कोर/5 बिहार

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 2003)

22 मई, 2003 को कैप्टन क्रिशन यादव आतंकवादी विरोधी ऑपरेशन में स्टॉप पार्टी कमांडर थे । उन पर गोलीबारी होने पर स्वचालित हथियारों से युक्त बारह आतंकवादी भाग कर चट्टानों के पीछे जाकर छिप गए । कैप्टन क्रिशन यादव ने देखा कि चार आतंकवादी दुर्जेय स्थान से गोलीबारी करके हमारे स्टॉप संख्या 1 को घेर रहे थे जिससे अन्य आतंकवादी आसानी से बचकर निकल सकें । इस दल को समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए ये अफसर अपने साथी के साथ सौ मीटर तक रेंगकर आगे बढ़े तथा भारी स्वचालित हथियारों की गोलीबारी से अविचलित रहते हुए उन्होंने बिल्कुल नजदीक जाकर तीन आतंकवादियों को मार गिराया जबकि चौथा आतंकवादी उनके साथी द्वारा मारा गया ।

कैप्टन क्रिशन यादव की वीरतापूर्ण कार्रवाई से प्रेरित होकर अन्य स्टॉप पार्टियों की संयुक्त कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप बारह आतंकवादियों का सफाया हो गया तथा 9 एके राइफल, तीन पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में गोलाबारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

कैप्टन क्रिशन यादव ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अद्वितीय अदम्य साहस, पहलशक्ति तथा समर्पण भावना का प्रदर्शन किया ।

17. **जेसी-578903 सूबेदार मोहम्मद सादिक**
15 जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 मई, 2003)

27 मई, 2003 को सूबेदार मोहम्मद सादिक ने उत्तरी सेक्टर में चलाए गए एक ऑपरेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आतंकवादियों के दल की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने पर सूबेदार सादिक ने एक वन क्षेत्र के दक्षिणी भाग को घेर लिया । खड़ी चट्टानों तथा घनी झाड़ियों के कारण देखने तथा चलने में बाधा बनी हुई थी । लगभग 0750 बजे सूबेदार सादिक ने देखा कि तीन आतंकवादी घनी झाड़ियों से गोलीबारी कर रहे थे और अपनी जगह भी बदल रहे थे । उन्होंने उनकी हरकत पर नजर रखी तथा अपने स्टापों को फिर से तैनात किया और खड़ी चट्टानों के कगारों से रेंगकर आतंकवादियों के निकट आए । अपने पर पांच ग्रेनेड हमले होने के बावजूद, हौंसला बुलंद रखते हुए सूबेदार सादिक खतरनाक हद तक उनके नजदीक गए तथा आक्रामक जवाबी कार्यवाही करते हुए एक आतंकवादी को तुरंत मार डाला तथा अन्य दो को घायल कर दिया । उन्होंने फुर्ती से क्षेत्र को घेर लिया तथा निर्भीकता से गोलीबारी करते हुए दूसरे जख्मी आतंकवादी को मार डाला तथा तीसरे भागते हुए आतंकवादी का पीछा करके उससे गुत्थम-गुत्था होकर उसे भी मार डाला । तीनों के राइफलें, दो रेडियो सैट तथा युद्ध संबंधी भण्डार आदि बरामद किए गए ।

सूबेदार मोहम्मद सादिक ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में उत्कृष्ट बहादुरी, असाधारण पहलशक्ति तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया ।

18. **3402400 सिपाही गुरतेज सिंह**
सिख/16 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 जून, 2003)

03 जून, 2003 को सिपाही गुरतेज सिंह को आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने को घेरने के लिए एक स्टॉप पर तैनात किया गया था । लगभग 1930 बजे सिपाही गुरतेज सिंह आतंकवादियों के ठिकाने से की गई गोलीबारी की चपेट में आ गए । बच निकलने की कोशिश में तीन आतंकवादी हवा में बंदूकें लहराते हुए छिपने के ठिकाने से बाहर आए तथा नाले में घुस गए । अपने ऊपर बरस रही गोलियों से अविचलित तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना इस युवा निडर सिपाही ने अपनी लाइट मशीनगन उठाई तथा भागते हुए आतंकवादियों के नजदीक पहुंचे । नजदीक की लड़ाई में सिपाही गुरतेज सिंह ने एक आतंकवादी को काबू में कर लिया तथा उसकी राइफल छीनकर उसे मार डाला । दूसरे आतंकवादी का सफाया करने के प्रयास में वे भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए तथा घातक रूप से घायल हो गए । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सिपाही गुरतेज चुपके से रेंगकर दूसरे आतंकवादी के पीछे पहुंचे तथा गजब की फुर्ती से उस पर झपट पड़े तथा उसकी गर्दन तोड़ डाली । दो आतंकवादियों को मारने के बाद वे, घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले तीसरे आतंकवादी से लड़ते रहे, जो बाद में मारा गया ।

सिपाही गुरतेज सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ निश्चय, असाधारण आक्रामक युद्ध भावना का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

19. **4555974 हवलदार सूबे सिंह**
महार 30 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 जून, 2003)

11 जून, 2003 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक गांव में घेराबंदी तथा तलाशी ऑपरेशन के दौरान जब एक घर की तलाशी ली जा रही थी तो हवलदार सूबे सिंह की पार्टी पर घर के अंदर भूमिगत ठिकाने से अत्यधिक कारगर गोलीबारी हो गई । अपने साथियों की सुरक्षा को खतरे में पड़ते देख हवलदार सूबे सिंह व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना रेंगकर छिपने के ठिकाने के तंग द्वार, जिसमें से गोलीबारी हो रही थी, के निकट पहुंचे तथा धुंए के और उच्च विस्फोटक हथगोले फेंके जिससे ठिकाने के अंदर चार में से दो आतंकवादी मारे गए । छिपने के ठिकाने से बाहर आने के लिए प्रयासरत तीसरे आतंकवादी को भी उन्होंने नजदीक से मार गिराया । हवलदार सूबे सिंह के इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई से चार आतंकवादी मारे गए तथा उनकी अविलम्ब कार्रवाई से लड़ाई के दौरान घर के भीतर फंसे उनके साथियों की जान बच गई ।

हवलदार सूबे सिंह ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में विलक्षण पहलशक्ति, अदम्य साहस, दृढ़ता और असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया ।

20. **जेसी-306681 नायब सूबेदार अलीसाहिब जाफरसन**
इंजीनियर्स/1राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जून, 2003)

विशिष्ट आसूचना के आधार पर 17 जून, 2003 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिला में तलाशी तथा ध्वंस ऑपरेशन शुरू किया गया था । लगभग 1600 बजे नायब सूबेदार अलीसाहिब जाफरसन ने घरों के एक समूह की घेराबंदी की जिसमें दो आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी । यह भांपते हुए कि वे सभी ओर से घिर गए हैं आतंकवादियों ने एक घर से खिसकने की कोशिश की तो नायब सूबेदार अलीसाहिब जाफरसन ने तुरंत नजदीक से अचूक निशाना लगाकर मौके पर ही एक आतंकवादी को मार डाला । व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना नायब सूबेदार अलीसाहिब जाफरसन ने घेरा तोड़कर भागने की कोशिश कर रहे दूसरे आतंकवादी को धर दबोचा । आतंकवादी की भारी गोलीबारी के बावजूद उन्होंने अचूक गोलीबारी करके आतंकवादी को मौके पर मौत के घाट उतार दिया । मरने से पहले आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार कर दी जो नायब सूबेदार अलीसाहिब जाफरसन के चेहरे पर लगी जिससे बाद में घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए ।

नायब सूबेदार जाफरसन ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में अदम्य साहस तथा बहादुरी का परिचय दिया और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुसार सर्वोच्च बलिदान दिया ।

21. **9096831 राइफलमैन जाविद अहमद खांडे**
जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/46 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 जून, 2003)

राइफलमैन जाविद अहमद खांडे घुसपैठ छद्म दल के सम्पर्क व्यक्ति के रूप में कार्यरत थे । 18 जून, 2003 को आतंकवादियों तथा हमारी गोलीबारी के अत्यधिक खतरे के बावजूद वे आतंकवादी दल को लुभा कर सेना के घात स्थान पर ले गए । इस प्रकार शुरू हुई लड़ाई में छर्रों के अनेक घाव लगने के बावजूद राइफलमैन जाविद अहमद खांडे ने एंबुश के लिए स्टॉप स्थिति संभाली तथा बिल्कुल नजदीक से एक आतंकवादी पर गोली दागी जिससे वह घातक रूप से घायल हो गया । उन्होंने एक आतंकवादी का सफाया कर दिया तथा दूसरे आतंकवादी का भी सफाया इन्होंने ही किया ।

राइफलमैन जाविद अहमद खांडे ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में असाधारण सूझ-बूझ तथा उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया ।

22. **एसएस-36831 मेजर राकेश शर्मा**
आर्टिलरी/18 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 जून, 2003)

मेजर राकेश शर्मा उत्तरी सैक्टर में एक पोस्ट के कंपनी कमांडर थे । 25 जून, 2003 को आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त होने के बाद इस अफसर ने नजदीक के एक गांव में रणकौशल से घात लगाने की

योजना बनाई । प्रवीणता से आतंकवादियों को अचम्भे में डालते हुए इस अफसर ने चुपके से स्टॉप लगाकर क्षेत्र को कारगर ढंग से सील कर दिया । जब एक घर को घेरने के लिए वे दल का नेतृत्व कर रहे थे तो अचानक घर से बाहर आ रहे आतंकवादियों से उनका सामना हो गया । इस अफसर ने धैर्य रखा तथा एक त्वरित कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया । यह गोलीबारी घुप अंधेरे में हुई । व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी पहलशक्ति से यह अफसर रेंगकर आतंकवादियों के निकट पहुंचे । दो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी । इस अफसर ने बगल से बिल्कुल नजदीक आकर दोनों आतंकवादियों को मार गिराया । इस अफसर ने ऑपरेशन में मारे गए पांच आतंकवादियों में से चार को मार गिराया ।

मेजर राकेश शर्मा ने विशिष्ट शौर्यपूर्ण कार्रवाई, सटीक योजना, अदम्य साहस, निर्भीक कार्रवाई तथा संकट में निश्चयात्मक नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

23 **2893550 राइफलमैन देविन्द्र सिंह**
राजपूताना राइफल/9 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 जून, 2003)

26 जून, 2003 को लगभग 1950 बजे आतंरिक कार्डन पर, जिसमें राइफलमैन देविन्द्र सिंह शामिल थे, आतंकवादियों द्वारा अपने कब्जे वाले एक घर से स्वचालित हथियारों तथा हथगोलों से कारगर तथा सघन आक्रमण किया गया । राइफलमैन देविन्द्र सिंह चुपके से रेंगकर घर की खिड़की के पास पहुंचे और अंदर एक हथगोला फैंका । चार आतंकवादी घर से बाहर निकले तथा स्टॉपों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे । स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, एक तीव्र कार्रवाई में, अदम्य भावना का प्रदर्शन करते हुए राइफलमैन देविन्द्र सिंह जोखिम उठाते हुए आड़ से बाहर आए तथा भयंकर लड़ाई में आतंकवादियों से भिड़ गए और एक को मार गिराया । प्रतिकूल स्थिति में व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे बार-बार आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना करते रहे । इस बहादुर सिपाही की दाईं बांह तथा छाती में गोलियों की बौछार आ लगी । यद्यपि अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था और वे मरणासन्न हो रहे थे फिर भी वे मानसिक रूप से सचेत रहे तथा कर्तव्य से बढ़कर उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए वे आतंकवादियों पर टूट पड़े और उस क्षेत्र को अपने निजी हथियार से गोलियों की बौछार करके पाट दिया तथा एक और आतंकवादी को मार डाला । एक गोली उनके हथियार की बैरल में लगने से उनका हथियार जाम हो गया । अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उन्होंने तीसरे आतंकवादी को दबोच लिया तथा गुत्थम-गुत्था होकर आतंकवादी से हथियार छीन लिया तथा बिल्कुल नजदीक से उसको गोली मार दी । यद्यपि वे हिलने में असमर्थ थे फिर भी उन्होंने अपने साथी का आह्वान किया तथा चौथे आतंकवादी का सफाया करने का निर्देश दिया । इसके शीघ्र बाद ही यह शूरवीर सिपाही शहीद हो गया ।

राइफलमैन देविन्द्र सिंह ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों के साथ लड़ाई में विशिष्ट बहादुरी, पहलशक्ति तथा निर्भीक कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

24. **जीएस-171109 बाई ऑपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी सतीसन एन (मरणोपरांत)**

तथा

25. **जीएस-171376 ए एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 जून, 2003)

ऑपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी सतीसन एन तथा एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह सिक्किम के पूर्वी जिले में जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर अनुरक्षण तथा सड़क सुधार के लिए तैनात किए गए थे ।

दिनभर के कार्य से लौटने के बाद 26 जून, 2003 को लगभग 1700 बजे उन्हें जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर 21 से 23 कि.मी. के बीच दो स्थानों पर सड़क अवरुद्ध होने तथा सक्रिय भू-स्खलन होने की सूचना दी गई थी । भारी वर्षा हो रही थी तथा धुंध के कारण दिखाई भी कम दे रहा था । दिनभर के कठिन परिश्रम तथा थकान की परवाह किए बिना ओईएम सतीसन एन एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह के साथ अपनी जेसीबी को लेकर तुरंत भू-स्खलन को हटाने के लिए चल दिए । अवरुद्ध स्थानों पर अभी भी मलबा गिर रहा था । पहाड़ों से पत्थर लुढ़क कर नीचे गिर रहे थे । ओईएम सतीसन एन तथा एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना निरंतर कार्य कर भू-स्खलन को हटाया ताकि फंसे हुए वाहन तथा यात्री भूस्खलन को पार कर सके ।

सभी फंसे हुए वाहनों/यात्रियों के निकलने के बाद जब भू-स्खलन की सफाई अंतिम चरण में थी तभी नाले में बड़े-बड़े पत्थरों सहित बाढ़ आ गई । इसमें जेसीबी, इसके ऑपरेटर ओईएम सतीसन एन और एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह फंस गए और तीनों गहरी घाटी में नीचे बह गए जिससे ऑपरेटर की तत्काल मृत्यु हो गई तथा एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह भी बुरी तरह से जख्मी हो गए जो सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

ऑपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी सतीसन एन और एमटी/ड्राइवर मलविंदर सिंह ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर फंसे हुए यात्रियों और वाहनों को बचाने में अदम्य साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

26. **जेसी-225654 सूबेदार जीत सिंह**

असम/35 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 जून, 2003)

सूबेदार जीत सिंह जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में खोजी पार्टी कमांडर के रूप में कार्य कर रहे थे । 29 जून, 2003 को 1500 बजे खोजी दल पर पास के नाले में छिपे आतंकवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की गई । सूबेदार जीत सिंह ने अपनी टुकड़ी को तुरंत पुनः संगठित किया और दक्षिण पश्चिमी दिशा से बच निकलने के रास्तों को बंद कर दिया । उसके बाद वे अपने साथी के साथ आगे बढ़े और आतंकवादी के निकट पहुंचे और निकट से एक आतंकवादी को मार गिराया । इसी समय, घास के ढेर में छिपे एक अन्य आतंकवादी ने उन पर हथगोला फेंका जिससे उनके पेट में घाव हो गया । आंशिक रूप से अंगघात होने के बावजूद व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना सूबेदार जीत सिंह, अडिग साहस, धैर्य और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए उस आतंकवादी पर टूट पड़े और नजदीक से उसका सफाया कर दिया । उसके बाद वे जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

सूबेदार जीत सिंह ने आतंकवादियों का सफाया करने में अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प तथा कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

27.

आईसी-52459 मेजर सुरेन्द्र होरा, सेना मेडल
मराठा लाइट इन्फैंट्री, 17 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 जुलाई, 2003)

जम्मू-कश्मीर के बनिहाल जिले के जनरल एरिया में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर मेजर सुरेन्द्र होरा ने आतंकवादियों को सफाया करने के लिए योजना बनाई तथा ऑपरेशन का नेतृत्व किया ।

28 जुलाई, 2003 को 1300 बजे 150 मीटर की दूरी पर कुछ हलचल भांपते हुए मेजर सुरेन्द्र होरा अपने साथी के साथ चुपके से रेंगते हुए आगे बढ़े । अचानक 15 मीटर की दूरी पर उनका आतंकवादियों के एक दल से सामना हो गया। मेजर सुरेन्द्र होरा ने तुरंत गोलीबारी शुरू की तथा एक आतंकवादी को मार डाला । आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी से जवाब दिया तथा मेजर सुरेन्द्र होरा पर हथगोला फेंका । भारी गोलीबारी में वे रेंगते हुए आगे बढ़े, दूसरे आतंकवादी को मार डाला तथा तीसरे आतंकवादी, जिसने एक आत्मघाती कार्रवाई में अचानक उन पर आक्रमण किया, को 10 मीटर की दूरी पर जख्मी किया । फौलादी इरादों का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने गोली चलाने वाले आतंकवादी के हथियार की बैरल को झपट कर पकड़ लिया । मेजर सुरेन्द्र होरा की दोनों टांगों में गोलियों की बौछार आ लगी । चोट लगने के बावजूद वे आतंकवादी के साथ भिड़े रहे, उसका हथियार छीन लिया और उसे मार डाला ।

इस तरह मेजर सुरेन्द्र होरा ने तीन आतंकवादियों को मारने में आक्रामक भावना, सूझ-बूझ तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया ।

28.

आईसी-45642 लेफ्टिनेंट कर्नल रेड्डी वेंकटेशा,
9 जाट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 सितंबर, 2003)

लेफ्टिनेंट कर्नल रेड्डी वेंकटेशा नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर तैनात की गई जाट रेजिमेंट यूनिट के सेकिंड-इन-कमान थे । 18 सितंबर, 2003 को शक्तिशाली शत्रु दल ने नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर एक चौकी पर हमला करने का प्रयास किया । लेफ्टिनेंट कर्नल रेड्डी वेंकटेशा ने असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए तथा शत्रु की भारी गोलीबारी की परवाह किए बिना गोलीबारी की आड़ देने वाले समूह को तुरंत संगठित किया तथा आगे से नेतृत्व करते हुए आक्रमणकारी दल को नाकाम करने के लिए निकट पहुंचे । अचानक तीव्र गोलीबारी से शत्रु पूर्णतः स्तब्ध रह गया । गोलीबारी की आड़ देने वाले समूह का मार्गदर्शन करते हुए मोर्टार की भारी गोलाबारी तथा तोप के गोलों को पार करते हुए वे बहादुरी से आगे बढ़े जिसके फलस्वरूप एक शत्रु सैनिक मारा गया तथा नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी बेस के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे शत्रु के दो बंकर नष्ट हुए । सघन गोलीबारी के मध्य इस साहसिक कार्य प्रदर्शन से गोलीबारी की आड़ देने वाला समूह खतरे को नजरंदाज करने तथा शत्रु को नष्ट करने के लिए प्रेरित हुआ जिससे हमारा त्वरित कार्रवाई दल शत्रु का सफाया करने और उसे पीछे हटने पर मजबूर करने में सक्षम हुआ । उनके उत्कृष्ट शौर्य के फलस्वरूप आठ शत्रु सिपाही मारे गए तथा शत्रु की लड़ने की हिम्मत को तोड़ आक्रमण को विफल कर दिया ।

लेफ्टिनेंट कर्नल रेड्डी वेंकटेशा ने आतंकवादियों से लड़ते हुए उत्कृष्ट बहादुरी, अद्वितीय आक्रामकता तथा अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया ।

29. **आईसी-57219 मेजर उदय सिंह, सेना मेडल**
22 पैरा (विशेष बल) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 नवंबर, 2003)

मेजर उदय सिंह ने जम्मू-कश्मीर के रजौरी जिले के जनरल एरिया में बाहर रह रहे कार्यकर्ताओं द्वारा आतंकवादियों को उपलब्ध कराई जा रही आसूचना तथा संभारिकी नेटवर्क को नष्ट करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम बनाया था । इस अफसर ने 29 नवंबर, 2003 को 0300 बजे जनरल एरिया में तलाशी और सफाया ऑपरेशन चलाया । दल ने घने वृक्षों से आच्छादित क्षेत्र में व्यवहारिक रूप से टोह लगाई। 1745 बजे धुंधली रोशनी में जब अफसर घात लगाने के लिए अपने दल का नेतृत्व कर रहा था तो, अचानक पार्टी का सामना आतंकवादियों के समूह से हुआ जो 10 मीटर की दूरी पर उंचाई से उनके निकट आ रहे थे । परिणामस्वरूप हुई घातक लड़ाई के दौरान, इस अफसर की गर्दन में गोली लगी जबकि उनका साथी अनेक गोलियां लगने से घायल हो गया । व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए यह अफसर आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ते रहे तथा एक आतंकवादी को मार डाला और दूसरे को घायल कर दिया । मेजर उदय सिंह ने वीरगति को प्राप्त होने से पहले घातक रूप से घायल साथी को बचाने में सहायता की ।

मेजर उदय सिंह ने आतंकवादियों का सामना करते हुए अदम्य साहस तथा कर्त्तव्य से बढ़कर अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

30. **2252 जे कांस्टेबल राजकुमार**
जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 जनवरी, 2004)

02 जनवरी, 2004 को लगभग 1850 बजे दो आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले जम्मू रेलवे स्टेशन पर अंधाधुंध गोली चलाई तथा हथगोला फेंका । इस घटना का पता चलने पर पुलिस के त्वरित कार्रवाई दल तथा सेना तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे । कांस्टेबल राजकुमार पुलिस दल में शामिल थे ।

लगभग 2020 बजे एक आतंकवादी ने तलाशी दल पर अंधाधुंध गोली चलाई । कांस्टेबल राजकुमार ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की तथा तलाशी दल को मोर्चा संभालने के लिए कहा । व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे आगे बढ़ते रहे तथा इस दौरान गोलियां लगने से घायल हो गए । वे जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से मना कर दिया और त्वरित कार्रवाई दल का नेतृत्व करने वाले अफसर को आतंकवादी के ठिकाने का संकेत दिया जिससे उसका तुरंत सफाया किया जा सका । बाद में वे घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

कांस्टेबल राजकुमार ने बहादुरी, अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा भारतीय पुलिस की उच्च परम्परा के अनुरूप अपने प्राण न्यौछावर कर दिया ।

वरुण मित्रा
निदेशक

दिनांक 8 जून 2004

सं. 101-प्रेस/2004--भारत के राजपत्र के भाग 1, खण्ड I में 11 मार्च, 2000 को प्रकाशित ''उल्लेख पत्रों'' के संबंध में इस सचिवालय की 15 अगस्त, 1999 की अधिसूचना सं. 28-प्रेस/2000 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :--

क्रम सं. 63 पर

वारंट अफसर पी. के. गोयल (261134) रेडार फिटर--के स्थान पर

वारंट अफसर पी. के. गोयल (262134) रेडार फिटर--पढ़ा जाए।

वरुण मित्रा
निदेशक

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 जून 2004

संकल्प

सं. एफ. 21-2/2003-टी.एस. III-भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न न्यायिक निर्णयों के अनुसरण में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने 26 फरवरी, 2004 को भारत के राजपत्र असाधारण (भाग-III, खण्ड 4) में प्रकाशित 21 जनवरी, 2004 की अधिसूचना संख्या 37-3/विधिक/2004 द्वारा इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और शहर आयोजना, फोर्मेसी, अनुप्रयुक्त कला, एम.बी.ए., एम.सी.ए., होटल प्रबन्धन एवं केटरिंग प्रौद्योगिकी आदि में डिप्लोमा, डिग्री एवं स्नातकोत्तर डिग्री चलाने वाले अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित सभी संस्थाओं/विश्वविद्यालयों में अनिवासी भारतीयों (एन.आर.आई.), विदेशी राष्ट्रिकों (एफ.एन.) और भारतीय मूल के व्यक्तियों के दाखिले के सम्बंध में विस्तृत दिशा निर्देश/विनियम जारी किए हैं। इन विनियमों के अन्तर्गत खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चों सहित उपर्युक्त संवर्गों के विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त रूप में विभिन्न विषयों के लिए कुल सीटों (अनुमोदित दाखिला क्षमता) का (15 %) पन्द्रह प्रतिशत आरक्षित किया गया है।

1. उपर्युक्त अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए सम विश्वविद्यालयों अथवा सरकारी वित्त पोषित संस्थाओं सहित स्ववित्तपोषी संस्थाओं अथवा विश्वविद्यालय विभागों में अवरस्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर उपर्युक्त तकनीकी पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिए विदेशी राष्ट्रिकों, अप्रवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की परिपाटी समाप्त करने का मामला भारत सरकार के विचाराधीन था। गहन विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में उपर्युक्त श्रेणियों के व्यक्तियों को उन संस्थाओं में दाखिला लेने के लिये सरकार से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य नहीं होगा और उनका दाखिला समय-समय पर यथा संशोधित उपर्युक्त अधिसूचना द्वारा विनियमित होगा। तथापि उपर्युक्त सभी संवर्गों के विद्यार्थियों को दाखिला देने वाली ऐसी सभी शैक्षिक संस्थाओं के प्रमुखों की जिम्मेदारी होगी कि वे प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर तक दाखिल विद्यार्थियों (देश वार) की पूरी सूची और उनके पाठ्यक्रमों, पासपोर्ट संबंधी विवरण, उनसे लिए जाने वाले शुल्क तथा उनका आवासीय पता मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग, (तकनीकी अनुभाग III), शास्त्री भवन, नई दिल्ली को भेजे। यह सूची अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् तथा विदेश मंत्रालय (छात्र कोष्ठ), अकबर भवन, नई दिल्ली को भी भेजी जानी चाहिए। शैक्षिक सत्र 2003-2004 के लिए पहले से ही किए गए दाखिलों अथवा इसके बाद किए जाने वाले दाखिलों पर यह अधिसूचना लागू होगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति निम्नलिखित को भेजी जाए :--

1. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली
2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली
3. भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली
4. सभी भारतीय विश्वविद्यालयों/सम विश्वविद्यालयों के कुलपति
5. सभी आई.आई.टी./एन.आई.टी. के निदेशक
6. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली
7. विदेश स्थित सभी भारतीय मिशन
8. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
9. सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

डा. जी. एल. जाम्भूलकर
उप-शिक्षा सलाहकार

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January, 2004

